वंदे मातरम् का संदेश आमजन तक पहुंचाएं : कुमावत

बाड़मेर, (नि.सं.)। राष्ट्रगीत वन्दे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रविवार को बाड़मेर जिला मुख्यालय पर प्रभात फेरी, बाइक रैली, स्वच्छता अभियान एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रभारी मंत्री जोराराम कुमावत समेत विभिन्न जन प्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं नागरिकों तथा विद्यार्थियों की उपस्थिति में सैकड़ों हाथों में लहराते तिरंगे और स्वर लहरियों के साथ भारत मां का गुणगान और नमन किया गया। बाड़मेर जिला प्रभारी मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि यह दिन हम सबके लिए गर्व और प्रेरणा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि वन्दे मातरम् गीत स्वतंत्रता संग्राम की प्रेरणा बना। इसने हर भारतीय के मन में मातृभूमि के प्रति प्रेम और त्याग की भावना जगाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस उत्सव को राष्ट्रीय उत्सव बनाकर इस गीत के महत्व को हम सबको जानने का अवसर दिया है।

प्रभारी मंत्री कुमावत ने कहा कि इस गीत के 150 वर्ष पूरे होने के अवसर पर हम सब मिलकर यह प्रण लें कि अपने कर्म और परिश्रम से आत्मनिर्भर और विकसित भारत के निर्माण में अपना योगदान देंगे।

इस दौरान अहिंसा सर्किल से प्रभारी मंत्री जोराराम कुमावत, चौहटन विधायक आदूराम मेघवाल, जिला कलक्टर टीना डाबी एवं समाजसेवी अनंतराम विश्नोई, दीपक कड़वासरा, दिलीप पालीवाल ने प्रभात फेरी एवं बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बाइक रैली अहिंसा सर्किल से मल्लीनाथ सर्किल पहुंची। जबकि प्रभात फेरी स्टेशन रोड़ से होते हुए शहीद सर्किल पहुंची। जहां प्रभारी मंत्री कुमावत समेत विभिन्न जन प्रतिनिधियों, अधिकारियों, गणमान्य नागरिकों ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि कुमार, अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेंद्रसिंह चांदावत, यूआईटी सचिव श्रवणसिंह राजावत, उपखंड अधिकारी यशार्थ शेखर, एएसपी अरविंद जांगिड, समाजसेवी रमेशसिंह इंदा, देवीलाल कुमावत, मूलसिंह जुडिया, खुमान सिंह, लूणकरण बोथरा, दमाराम माली, हरीश मूंदडा, रामकुमार जोशी समेत विभिन्न गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। प्रभात फेरी में जन प्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी-कर्मचारी,लोग, विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी, एनसीसी कैडेट्स एवं आमजन की भागीदारी रही।

दिव्यांग सेवा मंदिर की शुरूआत हुई

राष्ट्र गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रविवार को जिला चिकित्सालय में प्रभारी मंत्री कुमावत ने स्वच्छता अभियान, रक्तदान शिविर में भागीदारी के साथ दिव्यांग सेवा मंदिर की शुरुआत की।

इस अवसर पर प्रभारी मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि आज का दिन हम सबको प्रेरणा देता है। इस गीत ने स्वतंत्रता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके स्वर हमेशा गुंजायमान रहने के साथ देशवासियों को प्रेरणा देते रहेंगे। उन्होंने दिव्यांग सेवा मंदिर की अभिनव पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह दिव्यांगो के लिए वरदान साबित होगा।

चौहटन विधायक आदूराम मेघवाल, समाजसेवी अनंतराम विश्नोई, दीपक कड़वासरा समेत अन्य जन प्रतिनिधियों ने कहा कि भारत माता की स्तुति के इस गीत को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से पूरे देश में गुंजायमान करने का महती कदम उठाया गया है।

उन्होंने इस ऐतिहासिक दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को सिद्ध करने के लिए जी जान से जुटने की बात कही। उन्होंने कहा कि हम सब संकल्प लें कि भारत माता की अखंडता, सम्मान और गौरव के लिए सदैव समर्पित रहेंगे और हर पल अपने हृदय से पुकारेंगे वंदे मातरम, वंदे मातरम। इस दौरान प्रभारी मंत्री जोराराम कुमावत के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान के तहत सफाई अभियान चलाया गया। इसके अलावा रक्तदान शिविर आयोजित किया गया।

इसमें 25 युवाओं ने रक्तदान कर राष्ट्रीय एकता एवं मानवता का परिचय दिया। इससे पहले प्रभारी मंत्री कुमावत ने फीता काट कर रक्तदान शिविर का विधिवत शुभारंभ किया।

इस अवसर पर जिला कलैक्टर टीना डाबी, समाजसेवी दिलीप पालीवाल, रमेशसिंह इंदा, खुमानसिंह सोढा, देवी लाल कुमावत, अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेंद्रसिंह चांदावत, मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि कुमार, उपखंड अधिकारी यशार्थ शेखर, प्राचार्य डॉ. अनूपसिंह गुर्जर, सीएमएचओ डॉ. विष्णुराम बिश्नोई, अधीक्षक डॉ. हनुमानराम चौधरी, नर्सिंग सुपरिटेंडेंट भारमल सिंह राजपुरोहित सहित सभी विभागाध्यक्ष, फैकल्टी सदस्य, नोडल अधिकारी, नर्सिंग अधिकारी, पैरामेडिकल स्टाफ एवं नर्सिंग छात्र-छात्राए उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता अभियान का संदेश जन-जन तक पहुँचाने, रक्तदान शिविर में जन सहभागिता को प्रेरित करने तथा दिव्यांग सेवा मंदिर के माध्यम से दिव्यांगजनों को एक ही स्थान पर सभी आवश्यक चिकित्सा, प्रमाणपत्र प्रदान करने की दिशा में अभिनव पहल की शुरुआत की गई। इस दौरान प्राचार्य डॉ. अनूपसिंह गुर्जर एवं अधीक्षक डॉ. हनुमानराम चौधरी ने अतिथियों, प्रशासनिक अधिकारियों, फैकल्टी मेंबर्स, नोडल अधिकारियों,नर्सिंग एवं पैरामेडिकल स्टाफ का हार्दिक आभार जताया।

नेहड़ाई गांव स्थित एटीएम को चोर उखाड़ ले गए

जैसलमेर, (नि.सं.)। जिले के इंदिरा गाँधी नहर इलाके के नेहड़ाई में चोरों ने देर रात को निशाना बनाया। नेहड़ाई गांव में स्थित एसबीआई के एटीएम को गाड़ी के पीछे मोटी रस्सी बांधकर चोर उखाड़ ले गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची पुलिस साक्ष्य जुटाने सहित सीसीटीवी खंगाल रही है।

यह घटना शनिवार देर रात की है। रविवार सुबह जब स्थानीय लोगों ने एटीएम बूथ के दरवाजे टूटे हुए देखे और अंदर से मशीन गायब पाई, तो इलाके में हड़कंप मच गया। तुरंत मोहनगढ़ थाना पुलिस को सूचना दी।

पुलिस के अनुसार, बदमाशों ने पहले एटीएम बूथ के गेट तोड़े। इसके बाद उन्होंने किसी वाहन से एटीएम मशीन को मजबूत रस्सियों या चेन से बांधा पूरी मशीन को जोर लगाकर उखाड़ा गया और वे इसे अपने साथ लेकर फरार हो गए। एटीएम में मौजूद नकदी का सही आकलन बैंक की ओर से किया जा रहा है, लेकिन यह 10 से 12 लाख रुपए के बीच होने का अनुमान है। घटना की तफ्तीश करने जैसलमेर से पुलिस अधिकारी मौका मुआयना करने नेहड़ाई पहुंचे है। सीसीटीवी केमरा डिटेल ली जा रही है। नाके बंदी करवाई जा रही है।

निर्माणाधीन बालिका भवन छात्रावास महत्वपूर्ण : तूरा

जालोर, (कासं)। श्री वीरमदेव क्षत्रिय शैक्षणिक संस्थान की आम बैठक रविवार को निर्माणाधीन बालिका छात्रावास भवन में संस्थान अध्यक्ष रतनसिंह तूरा की उपस्थिति में एवं करणवीर सिंह भाद्राजून की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

बैठक में निर्माणाधीन भवन को समय पर पूरा करने, भवन के अब तक हुए कार्य एवं शेष कार्य को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही संस्थान अध्यक्ष रतनसिंह को नवीन कार्यकारिणी गठन एवं कमेटियों के गठन के लिए स्वतंत्र दायित्व सौंपा गया जो आगामी इस काम को मूर्त रूप देंगे। सभी की मौजूदगी में वर्तमान अध्यक्ष रतनसिंह की अध्यक्षता में यह कार्य पूरा करने की बात कही। बैठक में उपस्थित सभी की सहमति से संस्थान परिसर में स्पोर्ट्स एकेडमी बनाने पर सर्व सम्मति बनी। संस्थान के कोषाध्यक्ष ईश्वरसिंह साडन द्वारा आय व्यय का ब्यौरा पेश किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए संस्थान अध्यक्ष रतनसिंह तूरा ने कहा कि यह चार मंजिला भवन बालिका शिक्षा के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा, वर्तमान में समाज बच्चों के पढाई के लिए काफी सजग है और खासकर बालिका शिक्षा के लिए। ऐसे में यह भवन बनकर तैयार हो जाएगा तो बालिकाओं को पढने के लिए काफी सुविधा मिल सकेगी। हमारा प्रयास है कि जल्द यह भवन बनकर तैयार हो।

बैठक को संबोधित करते हुए करणवीर सिंह भाद्राजून ने कहा कि जिला मुख्यालय पर बन रहा बालिका छात्रावास आने वाले समय में बालिका शिक्षा की नींव खडी करेगा।

उन्होंने बन रहे छात्रावास को कई तरह की सुविधायुक्त बनाने एवं शिक्षा का उचित वातावरण तैयार करने संबंधित सुझाव रखा। छात्रावास के वर्तमान वार्डन गणपतसिंह सापनी ने संस्थान अध्यक्ष समेत उपस्थित समाजबंधुओं को वर्तमान स्थिति के बारे में अवगत कराया और भविष्य में छात्रों के लिए आवश्यकता को लेकर भी सुझाव दिया।

बैठक के बाद सभी ने निर्माणाधीन छात्रावास का अवलोकन किया। इस छात्रावास से पढकर निकले बाबूसिंह बालावत बोकडा जो वर्तमान में कर्नाटक के बेंगलुरु शहर में जीएसटी सुप्रिडेंट के पद पर कार्यरत हैं ने अपनी बात रखते हुए कहा कि छात्रावास में पढाई का अच्छा माहौल रहता है और शुरुआत में हम 2० छात्र रहे जिसमे से सभी आज सरकारी नौकरी में है, समाज के लोगो का हमेशा सहयोग रहा जिसकी बदौलत जब भी हमें आवश्यकता पडी वे तैयार रहे। बैठक में उपस्थित समाज बंधुओं के लिए भोजन व्यवस्था नरपतसिंह पचानवा की ओर से की गई।

इस दौरान संस्थान अध्यक्ष रतनसिंह तूरा, करणवीर सिंह भाद्राजून, जबरसिंह तरवाडा, राजबीर सिंह, नरपतसिंह पचानवा, रघुनाथ सिंह सराणा, सुमेरसिंह धानपुर, भवरसिंह धलुन्दा, नाथूसिंह तीखी, महावीरसिंह पानवा, चंदनसिंह निम्बलाना, सुखसिंह बादनवाडी, दशरथ सिंह सेदरिया, अमरसिंह महेशपुरा, गणपतसिंह सापनी, खुशालसिंह बोकडा, रूपसिंह नारनावास, अर्जुनसिंह देलदरी, दिलीपसिंह बोकडा, मोहनसिंह ओडवाडा, चंदन सिंह कोराणा, भूपेंद्र सिंह जाखडी, श्रवणसिंह नारनाडी समेत समाज के लोग मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन चंदन सिंह साडन ने किया। बैठक के बाद अध्यक्ष रतनसिंह तूरा ने सभी का धन्यवाद दिया।

हरियाली में विधिक जागरूकता शिविर अयोजित

जालोर, (कासं)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जालोर के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश हारून के निर्देशन में विधिक सेवा दिवस के अवसर पर रविवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर निष्क्रमणीय पशुपालक राजकीय आवासीय विद्यालय हरियाली में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर को संबोधित करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अहसान अहमद ने विधिक सेवा दिवस के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति को निशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध करवाना जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का मुख्य ध्येय है। इसके लिए विधिक सेवा प्राधिकरण हमेशा तत्पर रहता है और आमजन में जागरूकता के लिए की समय समय पर जागरूकता कार्यक्रमों सहित अन्य गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। उन्होंने विद्यार्थियों के अधिकारों के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान उन्होंने न्यायिक सेवा में केरियर बनाने के लिए क्या करना चाहिए इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से आयोजित की जाने वाली गतिविधियों एवं योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। न्याय रक्षक अजहरूद्दीन ने एलएडीसीएस के बारे में विस्तार से बताया एवं निशुल्क विधिक सहायता योजना के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए निशुल्क कानूनी सहायता, सलाह प्राप्त करने का तरीका बताया।

इस दौरान कार्यवाहक प्रधानाचार्य लक्ष्मणसिंह, छात्रावास अधीक्षक रमेशवर्मा के अलावा कई विद्यार्थी मौजूद रहे। इस अवसर पर रैली का भी आयोजन किया गया जो विद्यालय से रवाना होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए निकाली गई रैली में विद्यार्थी हाथों में तख्तियां लेकर नारे लगाते हुए चल रहे थे। कार्यक्रम के दौरान विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं को लेकर पंपलेट का विमोचन किया गया।

इस अवसर पर राजकीय सावित्री बाई फूले कॉलेज स्तरीय छात्रावास जालोर में भारत में राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस इतिहास, महत्व और सार्थकता विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता को लेकर छात्रावास की छात्राओं में उत्साह देखा गया। छात्रावास की छात्राओं ने प्रतियोगिता में बढचढ कर भाग लिया। प्रतियोगिता में छात्रावास की करीब 25 छात्राओं ने भाग लिया।

मीडिएशन कैंप का आयोजन

बाड़मेर,(नि.सं.)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से देश भर में चलाए जा रहे मध्यस्थता अभियान 'मिडिएशन फॉर द नेशन के तहत बाड़मेर मुख्यालय पर रविवार को मीडिएशन कैम्प का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला एवं सेशन न्यायाधीश अजिताभ आचार्य की अध्यक्षता में किया गया।

मध्यस्थ पुरूषोतम सोलंकी तथा पक्षकारान् के अधिवक्तागण एवं न्यायालय के कार्मिक उपस्थित रहे। मीडिएशन अभियान में 17 प्रकरणों को रैफर किए गए। इनमें से 11 प्रकरणों में जिला एवं सेशन न्यायाधीश अजिताभ आचार्य एवं एडवोकेट पुरूषोतम सोलंकी ने सफल मध्यस्थता करवाते हुए पक्षकारों के बीच राजीनामा करवाया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं अधिवक्ताओं ने कहा कि राष्ट्रीय एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के मीडिएशन अभियान से पक्षकारों के बीच आपसी भाईचारा एवं संबंधों में मधुरता आ हो रही है।

जोधपुर-दिल्ली कैंट वंदे भारत यात्रियों को भाई

जोधपुर, (कासं) । राजस्थान और दिल्ली के बीच तेज, सुरक्षित और आरामदायक सफर का नया अध्याय लिखते हुए जोधपुर-दिल्ली कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस यात्रियों की पहली पसंद बन गई है। महंगी किराया श्रेणी के बावजूद यह ट्रेन लोकप्रियता के नए रिकॉर्ड कायम कर रही है।

उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी ने बताया कि सेमी हाई स्पीड जोधपुर-दिल्ली कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस (26481/26482) अपनी गति, समयबद्धता और अत्याधुनिक सुविधाओं के कारण यात्रियों के बीच बेहद लोकप्रिय हो रही है।

यह ट्रेन राजस्थान और दिल्ली के बीच कनेक्टिविटी को नए स्तर पर लेकर गई है।

डीआरएम ने बताया कि इस ट्रेन की सफलता का मुख्य कारण इसका आरामदायक कोच डिजाइन, स्वदेशी तकनीक, अत्याधुनिक इंटीरियर और यात्रा समय में बड़ी बचत है। यह ट्रेन कामकाजी यात्रियों और पर्यटकों के लिए भरोसेमंद और तेज विकल्प बन चुकी है।

जोधपुर के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक विकास खेड़ा ने बताया कि 27 सितंबर से 8 नवंबर तक केवल 42 ट्रिप में ही 59 हजार से अधिक यात्रियों ने इस ट्रेन से यात्रा की है, जिससे रेलवे को 6.21 करोड़ रुपए से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ है।उन्होंने बताया कि दिल्ली की ओर से यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या लगभग तीन हजार अधिक रही, जो ट्रेन की बढ़ती मांग को स्पष्ट रूप से दर्शाती है।

वंदे भारत एक्सप्रेस सप्ताह में छह दिन (मंगलवार को छोड़कर) संचालित होती है।

जोधपुर से प्रस्थान: सुबह 5:25 बजे, दिल्ली कैंट आगमन: दोपहर 1:30 बजे, दिल्ली कैंट से प्रस्थान: दोपहर 3:10 बजे, जोधपुर आगमन: रात 11:20 बजे।

यह ट्रेन मेड़ता रोड, डेगाना, मकराना, फुलेरा, जयपुर, अलवर, रेवाड़ी और गुड़गांव जैसे प्रमुख स्टेशनों पर ठहरती है और लगभग 604-620 किलोमीटर की दूरी केवल 8 घंटे 5 मिनट में तय करती है।

वंदे भारत एक्सप्रेस में यात्रियों को आरामदायक रिक्लाइनिंग सीटें, पूर्ण वातानुकूलित कोच, स्वचालित दरवाजे, जीपीएस आधारित सूचना प्रणाली, अत्याधुनिक प्रकाश व्यवस्था और उच्च गुणवत्ता वाली ऑनबोर्ड सेवा उपलब्ध कराई जाती है। यह ट्रेन पूरी तरह भारतीय इंजीनियरिंग का उत्कृष्ट उदाहरण है, जिसने राजस्थान से दिल्ली के बीच रेल सफर को आधुनिकता, आराम और गति से जोड़ दिया है।

लीलण एक्सप्रेस चार ट्रिप रहेगी आंशिक रद्द

जोधपुर, (कासं) ।जयपुर मंडल के समपार फाटक संख्या 235 पर आरसीसी बॉक्स डालने के कार्य हेतु ट्रैफिक ब्लॉक लिया जा रहा है, जिसके कारण रेल यातायात प्रभावित रहेगा।

जोधपुर मंडल डीआरएम अनुराग त्रिपाठी के अनुसार उपरोक्त ब्लॉक की वजह से ट्रेन संख्या 12467 जैसलमेर-जयपुर लीलण एक्सप्रेस सुपरफास्ट 22 व 24 नवंबर तथा 6 व 8 दिसंबर को फुलेरा तक ही चलेगी, जबकि ट्रेन संख्या 12468 जयपुर-जैसलमेर लीलण एक्सप्रेस इन्हीं तिथियों में जयपुर के स्थान पर फुलेरा से चलेगी। दोनों रेलसेवाएं जयपुर-फुलेरा खंड के बीच आंशिक रूप से रद्द रहेंगी। रेल प्रशासन ने यात्रियों से अनुरोध है किया है कि यात्रा से पूर्व संबंधित तिथियों में रेलसेवाओं की नवीनतम स्थिति रेलवे के आधिकारिक माध्यमों से अवश्य जांच लें।

विधिक सेवाओं की जानकारी दी

जैसलमेर, (नि.सं.)। विधिक सेवा दिवस पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने भाटिया बगेची, अंबेडकर छात्रावास में विधिक जागरूकता शिविरों का आयोजन कर आमजन में विधिक चेतना का संचार किया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव किशोर कुमार तालेपा ने बताया कि 9 नवंबर, 1995 को हमारे देश में विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम को लागू किया गया इसलिये आज के दिन को विधिक सेवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अधिनियम के तहत राष्ट्रीय स्तर से तालुका स्तर तक विधिक सेवा संस्थाओं का गठन किया गया।

उन्होंने बताया कि विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम के तहत जरूरतमंद व पात्र व्यक्तियों को विधिक सहायता दी जाती है तथा यह सुनिश्चित किया जाता है कोई भी व्यक्ति आर्थिक व अन्य असक्षमताओं के कारण न्याय से वंचित ना रहे। उन्होने विधिक सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया व पात्रता के बारे में बताया। उन्होने विधिक संस्थाओं के कार्य कलापों की जानकारी देते हुए बताया कि लोक अदालतों के माध्यम से राजीनामा योग्य प्रकरणों का निस्तारण करवाया जाता है। उन्होने महिलाओं व बालकों के विधिक अधिकार, मध्यस्थता के प्रावधान, पीडित प्रतिकर स्कीम, राष्ट्रीय लोक अदालत, स्थायी लोक अदालत से जनउपयोगी सेवा विवादों के निपटारे के प्रावधानों की जानकारियां प्रदान की।

स्वाति पुरोहित को सम्मान दिया

जोधपुर, (नि.सं.)। जोधपुर शहर की युवा कवयित्री स्वाति पुरोहित को यूथ हॉस्टल रातानाडा में संस्कार भारती जोधपुर की ओर से सम्मान समारोह में राजस्थान के संघ प्रचारक निम्बाराम और सुविख्यात लोक गायक पद्मश्री अनवर खान और सुप्रसिद्ध वीणावादक महेशाराम के हाथों मारवाड़ कला साधक सम्मान से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि आएसएस जोधपुर प्रांत के प्रचार प्रमुख पंकज कुमार राजस्थान सरकार के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग व वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. हरिदास व्यास मौजूद रहे। गौरतलब है कि यह सम्मान उन प्रतिभाओं को प्रदान किया जाता है जिन्होंने अपनी कला और रचनाओं के माध्यम से समाज को प्रेरणा दी है।

जालोर में वीरम मंच पर सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ

जालोर, (कासं)। वंदे मातरम्/150 के कार्यक्रमों की श्रृंखला में जिला स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को सायंकाल नगर परिषद जालोर के वीरम मंच पर किया गया। जिसमें वन्दे मातरम् का सामूहिक गायन किया गया।

कार्यक्रम में राबाउमावि प्रताप चौक जालोर की छात्राओं ने सरस्वती वंदना, भारत माँ तेरी माटी....., राष्ट्र की जय चेतना.....व ऐ वतन-वतन मेरे.... व ओ देश मेरे...गीत पर समूह व एकल गायन तथा पीएम श्री राउमावि जालोर की छात्रा ने मैं मर भी जाऊं तो....गीत पर एकल गायन की मनमोहक प्रस्तुति देकर श्रोताओं को देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत कर दिया। पीएमश्री राउमावि की छात्राओं ने मैं भारत का रहने वाला....., राउमावि गोडिजी जालोर की छात्राओं ने एक तेरा नाम है सांचा....., राउमावि राजेन्द्र नगर जालोर की छात्राओं ने मैं लड़ जाना...., राबाउमावि प्रताप चौक जालोर की छात्राओं ने हर घर तिरंगा..... गीत पर समूह नृत्य की प्रस्तुति देकर दर्शकों को देश प्रेम से भाव विभोर कर दिया। मंच संचालन निशा कुट्टी ने किया।

इस दौरान राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नंदकिशोर राजोरा, जिला शिक्षाधिकारी माध्यमिक भंवरलाल परमार, नगर परिषद जालोर के आयुक्त अशोक कुमार शर्मा, रवि सोलंकी, डिम्पल सिंह, गजेन्द्र सिंह सिसोदिया, सुरेश सोलंकी, दिनेश महावर, मुकेश राजपुरोहित, सुरेश सुन्देशा, हीराराम देवासी, रतन सुथार, दिनेश बारोट, अशोक गुर्जर, रमेश मेघवाल, महेश भट्ट, परमवीर सिंह भाटी, लक्ष्मी कंवर, गीता बारोट, अंतिमा माथुर सहित कर्मिक व कई जने उपस्थित रहे।

गर्ल्स कॉलेज बाड़मेर में प्रतियोगिताएं हुई

बाड़मेर, (नि.सं.)। राष्ट्र गीत वंदेमातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रविवार को एमबीसी राजकीय कन्या महाविद्यालय, बाड़मेर में जिला स्तरीय निबंध, पोस्टर एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बाड़मेर शहर सहित जिले के विद्यालयों एवं महाविद्यालयों से छात्राओं ने सहभागिता की।

मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक देवाराम चौधरी ने कहा कि वंदेमातरम् केवल शब्द नहीं, बल्कि भारत की आत्मा तथा हमारे स्वतंत्रता संघर्ष की चिरंतन धड़कन है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मुकेश पचौरी ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं से युवाओं के मन में देशभक्ति, संवेदना, सांस्कृतिक बोध तथा उत्तरदायित्व की भावना और गहरी होती है।

राजनीति विज्ञान विभाग के प्रवक्ता प्रो. डॉ. हुकमाराम सुथार ने वंदेमातरम् की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और इससे जुड़े साहित्यिक तथा दार्शनिक प्रसंगों पर प्रकाश डाला। एसीबीईओ किशोर कुमार जोशी ने देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता में विद्यार्थियों की भूमिका पर प्रेरक विचार रखे। जिला समन्वयक एनएसएस डाया लाल सांखला ने युवाओं में राष्ट्र चेतना के विस्तार में एनएसएस इकाईयों की ओर से समर्पित भाव से किए जा रहे प्रयासों के संबंध में अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रगीत वंदेमातरम् के 150 वर्ष केवल स्मरण नहीं, बल्कि नई पीढ़ी को यह संदेश है कि भारत केवल भूगोल नहीं - भारत भाव, विचार और ऊर्जा का नाम है। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं की ओर से तैयार पोस्टर, और रंगोली का प्रदर्शन किया गया तथा अतिथियों ने अवलोकन किया। इस अवसर पर संकाय सदस्य मांगीलाल जैन, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी जितेंद्र कुमार बोहरा, एनसीसी लेफ्टिनेंट सरिता लीलड़, वरिष्ठ अध्यापक नरेंद्र कुमार श्री श्रीमाल, अरूणा सौलंकी, मंजू अठावाल, किशनगिरि गौस्वामी तथा एनएसएस स्वयंसेविकाऐं तथा एनसीसी कैडेट्स उपस्थित रहे।

निबंध, पोस्टर एवं रंगोली प्रतियोगिता में छात्र छात्राओं में दिखा उत्साह निबंध प्रतियोगिता में 74 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसमें महाविद्यालय स्तर पर आयोजित निबंध में एमबीसी राजकीय कन्या महाविद्यालय की दिव्या प्रथम, भावना द्वितीय, सुमित्रा तृतीय रहे। विद्यालय स्तर पर निबंध में एमबीसी राउमावि गांधी चौक के भोमाराम प्रथम, मनोहर तृतीय रहे। जबकि अंतरी देवी राबाउमावि से हेमलता द्वितीय रही। पोस्टर प्रतियोगिता में 19 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें गर्ल्स स्कूल मालगोदाम रोड़ से गुड्डी प्रथम तथा ललिता सोनी तृतीय रहे।

जबकि गर्ल्स कॉलेज से चांदनी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली में गर्ल्स स्कूल मालगोदाम रोड से भानवी ने प्रथम जबकि गर्ल्स कॉलेज से बसंती ने द्वितीय, ललिता सोनी और भूमिका जडेजा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इस अवसर पर निर्णायक का दायित्व एसीबीईओ किशोर कुमार जोशी से सहायक आचार्य मांगीलाल जैन, गोपाल कृष्ण, विजय परमार, नरेंद्र श्रीश्रीमाल, अरूणा सोलंकी, मंजू अठावाल ने निर्वाह किया।

भाजपा सरकार देश के लोकतंत्र को खत्म करना चाहती : जयंती भाटिया

जालोर, (कासं)। जालोर शहर के राजीव गांधी भवन में रविवार को राजीव गाँधी पंचायती राज संगठन, जालोर की बैठक राजीव गाँधी पंचायती राज संगठन के राजस्थान प्रदेश प्रभारी जयंती भाटिया के मुख्य आतिथ्य व जिला अध्यक्ष विनय व्यास की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

बैठक में प्रदेश प्रभारी जयंती भाटिया ने कहा कि भाजपा सरकार देश के लोकतंत्र को खत्म करना चाहती है देश का संविधान खतरे में है राजस्थान में पंचायती राज एवं नगर निकाय के चुनाव को भाजपा सरकार ने बार बार टालकर ग्रामीण और शहरी लोकतांत्रिक व्यवस्था को ही समाप्त कर दिया है वर्तमान हालातों के मद्देनजर आज जनता कांग्रेस के प्रति उम्मीद की नजर से देख रही ह ऐसे में कांग्रेस कार्यकर्ता को मजबूती से धरातल पर सक्रिय रहने की आवश्यकता है।

राजीव गांधी पंचायती राज संगठन नगर निकाय एवं पंचायती राज क्षेत्र में सक्रिय कोंग्रेस कार्यकर्ताओं को राजनैतिक प्रतिनिधित्व करने के लिये आगे बढने का अवसर प्रदान करता है पंचायती राज संस्थाओं को मजबूती देने के लिये कांग्रेस सरकार द्वारा किये गये 73वें और 74वें संविधान संशोधन के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

एआईसीसी सदस्य जितेन्द्र कसाना ने बैठक को सम्बोधित करते हुये कहा कि कांग्रेस को मजबूती प्रदान करने में राजीव गाँधी पंचायती राज संगठन का महत्वपुर्ण योगदान है उन्होने कांग्रेस विचारधारा के असंगठित लोगो को राजीव गाँधी पंचायती राज संगठन से जुडने का आव्हान किया। बैठक में जिला अध्यक्ष विनय व्यास ने पिछले चार माह का राजीव गाँधी पंचायती राज संगठन जालोर की गतिविधियों का ब्यौरा दिया।

बैठक में राजीव गाँधी पंचायती राज संगठन की प्रदेश सचिव गीताश्री मेघवाल, वरिष्ठ कांग्रेस नेता उदयसिंह राव, पुनमाराम साँखला, मुरीदखान मेहर ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के आगामी कार्यक्रम सर्वोदय संकल्प शिविर को जालोर में आयोजित करवाने की चर्चा की गयी। बैठक का संचालन प्रवीण लूंकड ने किया।

बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी जिला उपाध्यक्ष जुल्फीकार अली भुट्टो, जिला सचिव कालूराम मेघवाल, उम्मेदसिंह चारण, दिलीप गर्ग, जाहिद खान, ईश्वरसिंह, हरिशसिंह राव, पुखराज माली, प्रह्लाद कुमार, जोगाराम, किरण सुथार समेत अनेकों कोंग्रेसजन उपस्थित रहे।

जोधपुर विकास प्राधिकरण

ट्रांसपोर्ट एवं ऑटोमोबाईल नगर

- योजना में भूखण्डों की कुल संख्या 1481 रखी गई है। जिसमें से 513 भूखण्ड ऑटोमोबाइल नगर, 653 भूखण्ड ट्रांसपोर्ट नगर तथा इनफोर्मल मार्केट हेतु 315 भूखण्ड आरक्षित किए गए हैं।
- योजना के आवंटन योग्य सामान्य भूखण्ड 1111 में से ट्रांसपोर्ट नगर हेतु 607 भूखण्ड तथा ऑटोमोबाइल नगर हेतु 504 भूखण्ड प्रस्तावित है।
- इसके अलावा ट्रांसपोर्ट एवं ऑटोमोबाइल से संबंधित छोटे व्यवसायियों हेतु इनफोर्मल मार्केट में ब्लॉक ए 35 एवं ब्लॉक बी में 280 कुल 315 भूखण्ड आवंटन हेतु प्रस्तावित किए गए हैं।
- जिनकी संख्या घटाई या बढ़ाई जा सकती है। सामान्य भूखण्डों का आवंटन लॉटरी प्रद्धति से किया जाएगा।

प्राधिकरण द्वारा ट्रांसपोर्ट एवं ऑटोमोबाईल नगर योजना में आवेदन पत्रों के पंजीकरण की अन्तिम तिथि 16.11.2025 तक एवं ऑनलाईन आवेदन करने की अन्तिम तिथि को 18.11.2025 तक बढ़ाया गया है। साथ ही इस योजना की लॉटरी हेतु दिनांक: 25.11.2025 प्रस्तावित की गई है।

इस योजना के आवेदन पत्र केवल ऑनलाईन ही स्वीकार किए जाएंगे।

ट्रांसपोर्ट एवं ऑटोमोबाईल नगर की आवेदन पुस्तिका तथा आवेदन की प्रक्रिया सामान्य शर्ते व ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भरने की प्रक्रिया/विस्तृत जानकारी जेडीए पोर्टल/joda.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध रहेगी।

Jodhpur Development Authority